

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2024

Your Path to Success

# खण्ड-क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा भूमध्यरेखा के विषय में सही नहीं है?**

**(A) इसे वृहत् वृत्त के रूप में जाना जाता है।**

**(B) यह उत्तरी एवं दक्षिणी दोनों ध्रुवों के बीच से गुजरती है।**

**(C) भूमध्यरेखा एकमात्र देशांतर है जो पृथ्वी के केन्द्र से गुजरता है।**

**(D) यदि आप भूमध्यरेखा के साथ-साथ यात्रा करते हैं, तो पृथ्वी पर पाए जाने वाले स्थानों के बीच सबसे कम दूरी होगी।**

**उत्तर -** (C) भूमध्यरेखा एकमात्र देशांतर है जो पृथ्वी के केन्द्र से गुजरता है।

**अथवा**

**संयुक्त राज्य अमेरिका में कितने 'टाइम ज़ोन' हैं?**

**(A) 1** **(B) 4**

**(C) 6** **(D) 9**

**उत्तर -** (B) 4

**प्रश्न 2. कौन-सा परिवहन पर्यटकों को अंतिम गंतव्य तक ले जा सकता है?**

**(A) जल** **(B) सड़क**

**(C) रेल** **(D) वायु**

**उत्तर -** (B) सड़क

**अथवा**

**लंबी दूरी की यात्रा के लिए परिवहन का कौन-सा साधन सबसे उपयुक्त एवं सस्ता है?**

**(A) सड़क** **(B) रेल**

**(C) जल** **(D) वायु**

**उत्तर -** (B) रेल

**प्रश्न 3. ब्रिटिश काल से किस शहर में ट्राम चलती रही है?**

**(A) चेन्नई** **(B) मुंबई**

**(C) कोलकाता** **(D) दिल्ली**

**उत्तर -** (C) कोलकाता

**अथवा**

**शहरों का कौन-सा वर्ग स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग से जुड़ा हुआ है?**

**(A) दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई**

**(B) दिल्ली, चेन्नई, गुवाहाटी और मुंबई**

**(C) दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और मुंबई**

**(D) दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद**

**उत्तर -** (C) दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और मुंबई

**प्रश्न 4. अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

**(A) यह पृथ्वी की सतह पर एक काल्पनिक रेखा है जो पूर्व से पश्चिम की ओर जाती है।**

**(B) यह 90° देशांतर की मध्याह्न रेखा का अनुसरण करती है।**

**(C) यह मोटे तौर पर अटलांटिक महासागर के मध्य से जाती है।**

**(D) यह एक कैलेंडर दिन को एक तरफ से दूसरी तरफ अलग करती है।**

**उत्तर -** (D) यह एक कैलेंडर दिन को एक तरफ से दूसरी तरफ अलग करती है।

**अथवा**

**रेलवे नेटवर्क के विस्तार की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान है**

**(A) पहला** **(B) दूसरा**

**(C) तीसरा** **(D) चौथा**

**उत्तर -** (D) चौथा

**प्रश्न 5. इनमें से किस संगीतकार को 'तूती-ए-हिंद' का उपनाम दिया गया है?**

**(A) अमीर खुसरो** **(B) तानसेन**

**(C) नायक गोपाल** **(D) हरिदास**

**उत्तर -** (A) अमीर खुसरो

**अथवा**

**इनमें से किस संगीतकार का वर्णन 'संगीत विज्ञान में अपने समय का नेता' बताकर किया गया?**

**(A) तानसेन** **(B) अमीर खुसरो**

**(C) नायक गोपाल** **(D) हरिदास**

**उत्तर -** (A) तानसेन

**प्रश्न 6. इनमें से किस प्रमुख संगीतकार ने भारतीय संगीत का वर्णन 'दिल और आत्मा को जलाने वाली आग, किसी भी अन्य देश के संगीत से बेहतर है', के रूप में किया है?**

**(A) पंडित रविशंकर** **(B) अमीर खुसरो**

**(C) नायक गोपाल** **(D) अमजद अली खान**

**उत्तर -** (B) अमीर खुसरो

**अथवा**

**इनमें से किस संगीतकार ने संगीत की ध्रुपद शैली का आविष्कार किया?**

**(A) मियाँ लाल खान कलावंत** **(B) तानसेन**

**(C) ज़ाकिर हुसैन** **(D) हरिदास**

**उत्तर -** (B) तानसेन

**प्रश्न 7. 'साज़िंद' निम्नलिखित में से किस स्थान के गायक थे?**

**(A) पंजाब** **(B) राजस्थान**

**(C) कश्मीर** **(D) उत्तर प्रदेश**

**उत्तर -** (C) कश्मीर

**अथवा**

**अमीर खुसरो का जन्म भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में हुआ था?**

**(A) पंजाब** **(B) राजस्थान**

**(C) उत्तर प्रदेश** **(D) कश्मीर**

**उत्तर -** (C) उत्तर प्रदेश

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनृत्य नहीं है?**

**(A) जागर** **(B) भाक्ता**

**(C) गरबा** **(D) भरतनाट्यम्**

**उत्तर -** (D) भरतनाट्यम्

**अथवा**

**'घूमर' निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है?**

**(A) गुजरात** **(B) मध्य प्रदेश**

**(C) महाराष्ट्र** **(D) राजस्थान**

**उत्तर -** (D) राजस्थान

**प्रश्न 9. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल पर गोदी-बाड़ा के अवशेष मिले हैं?**

**(A) लोथल** **(B) हड़प्पा**

**(C) मोहनजोदड़ो** **(D) बनावली**

**उत्तर -** (A) लोथल

**अथवा**

**बुद्ध का जन्म हुआ था**

**(A) लुंबिनी में** **(B) गया में**

**(C) सारनाथ में** **(D) कुशीनगर में**

**उत्तर -** (A) लुंबिनी

**प्रश्न 10. किस काल में घर बनाने के लिए लकड़ी, ईंट और पत्थर का उपयोग किया जाता था ?**

**(A) हड़प्पा** **(B) वैदिक**

**(C) मौर्य** **(D) गुप्त**

**उत्तर -** (B) वैदिक

**अथवा**

**एलोरा का कैलाश मंदिर किसके द्वारा बनवाया गया था?**

**(A) पल्लव** **(B) राष्ट्रकूट**

**(C) चोल** **(D) चालुक्य**

**उत्तर -** (B) राष्ट्रकूट

**प्रश्न 11. दिल्ली का पहला शहर, जिसे 'इंद्रप्रस्थ' कहा जाता है, किसके द्वारा बनाया गया था?**

**(A) पृथ्वीराज चौहान** **(B) अनंगपाल तोमर**

**(C) युधिष्ठिर** **(D) हुमायूँ**

**उत्तर -** (C) युधिष्ठिर

**प्रश्न 12. निम्नलिखित में से कौन-सा आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार 'मठों' में से एक नहीं है?**

**(A) द्वारका** **(B) पुरी**

**(C) श्रृंगेरी** **(D) रामेश्वरम**

**उत्तर -** (D) रामेश्वरम

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से कौन-सी जैन धर्म की विरासत है, जहाँ महावीर जी को मोक्ष प्राप्त हुआ?**

**(A) पावापुरी, बिहार** **(B) शत्रुंजय, गुजरात**

**(C) गिरनार, गुजरात** **(D) श्रवणबेलगोला, मैसूर**

**उत्तर -** (A) पावापुरी, बिहार

**अथवा**

दिलवाड़ा मंदिर निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(A) मध्य प्रदेश (B) बिहार

(C) गुजरात (D) राजस्थान

उत्तर - (D) राजस्थान

प्रश्न 14. सिखों के लिए कौन-सा गुरुद्वारा सबसे पवित्र है?

(A) शीशगंज साहिब, दिल्ली (B) स्वर्ण मंदिर, अमृतसर

(C) रकाबगंज साहिब, दिल्ली (D) हेमकुंड साहिब, उत्तराखंड

उत्तर - (B) स्वर्ण मंदिर, अमृतसर

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यटन को प्रभावित करने वाला एक कारक नहीं है?

(A) भौगोलिक (B) सांस्कृतिक

(C) आर्थिक (D) वैज्ञानिक

उत्तर - (D) वैज्ञानिक

प्रश्न 16. संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संघ (UNWTO) का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस देश में है?

(A) फ्रांस (B) इटली

(C) पोलैंड (D) स्पेन

उत्तर - (D) स्पेन

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I ( यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार )**

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यटन संचालकों का एक प्रकार नहीं है?

(A) बहिर्गामी पर्यटन संचालक (B) घरेलू पर्यटन संचालक

(C) स्थलीय पर्यटन संचालक (D) अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन संचालक

उत्तर - (D) अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन संचालक

प्रश्न 18. किसने 16500 लोगों को क्रिस्टल पैलेस से लाने-ले जाने का काम किया?

(A) जॉन मेसन कुक (B) थॉमस कुक

**(C) पालोनजी कटगारा** **(D) जमशेदजी दस्तूर**

**उत्तर -** (B) थॉमस कुक

**प्रश्न 19. निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनी पहली भारतीय स्वामित्व वाली पर्यटन कंपनी है?**

**(A) ली ऐंड मुइरहेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** **(B) एन० जमनादास ऐंड कंपनी लिमिटेड**

**(C) जीना टूर्स ऐंड ट्रैवल्स** **(D) भारतीय ट्रैवल एजेंट संघ**

**उत्तर -** (C) जीना टूर्स ऐंड ट्रैवल्स

**प्रश्न 20. पैलेस ऑन व्हील्स, लक्जरी रेल टूर पैकेज द्वारा जुड़े किस शहर के लिए 'रूमानियतवाद' शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

**(A) जयपुर** **(B) जैसलमेर**

**(C) रणथंभौर** **(D) उदयपुर**

**उत्तर -** (D) उदयपुर

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II ( अतिथि सत्कार प्रबंधन )**

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से कौन-सा होटल में गृह-व्यवस्था विभाग का एक कार्य है?**

**(A) कमरों की साफ-सफाई का ध्यान रखना**

**(B) अतिथि को कमरा आबंटित करना**

**(C) कमरे का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखना**

**(D) अतिथि को भोजन एवं पेय सुविधाएँ प्रदान करना**

**उत्तर -** (A) कमरों की साफ-सफाई का ध्यान रखना।

**प्रश्न 18. निम्नलिखित में से कौन-सा होटल में 'बेल डेस्क' का एक कार्य नहीं है?**

**(A) आगमन और प्रस्थान के दौरान अतिथि के सामान को संभालना**

**(B) रेस्तराँ में आरक्षण करना**

**(C) सामान्य खरीदारी जैसे दवा, डाक टिकट आदि करना**

**(D) मेहमानों का सामान लेफ्ट लगेज रूम में रखवाना**

**उत्तर -** (B) रेस्तराँ में आरक्षण करना।

**प्रश्न 19. निम्नलिखित में से कौन-सा होटल में 'ट्रैवल डेस्क' का एक कार्य है?**

**(A) अतिथि को कमरा आबंटित करना**

**(B) होटल के किसी विशिष्ट भाग में मेहमान को ढूँढ़ना**

**(C) मेहमानों के लिए टैक्सी उपलब्ध करवाना**

**(D) फोन कॉल्स को संभालना**

**उत्तर -** (C) मेहमानों के लिए टैक्सी उपलब्ध करवाना।

**प्रश्न 20. निम्नलिखित में से कौन-सा होटल का एक प्रशासनिक विभाग नहीं हैं?**

**(A) हिसाब-किताब** **(B) खरीद एवं भण्डारण**

**(C) बिक्री एवं विपणन** **(D) फ्रंट कार्यालय**

**उत्तर -** (D) फ्रंट कार्यालय

**प्रश्न 21. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) भूमध्यरेखा को वृहत् वृत्त कहा जाता है।**

**उत्तर -** सही

**(ख) आंतरिक देशांतर दूरी ध्रुवों की ओर बढ़ती है।**

**उत्तर -** गलत

**अथवा**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) पृथ्वी के केन्द्र से गुजरने वाले अक्षांश को ______ कहा जाता है।**

**उत्तर -** भूमध्य रेखा

**(ख) लंदन के पास ______ से गुजरती रेखा प्रधान मध्याह्न रेखा है, जिसका मान 0° है।**

**उत्तर -** ग्रीनविच

**प्रश्न 22. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) पृथ्वी की सतह समतल है।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) अक्षांश और देशांतर भौगोलिक निर्देशांक हैं जो पृथ्वी पर किसी भी बिंदु का सटीकता से पता लगाने में सहायता करते हैं।**

**उत्तर -** सही

**अथवा**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) देशांतर की सभी रेखाएँ अक्षांतर की रेखाओं को _______ कोण पर काटती हैं।**

**उत्तर -** 90° (समकोण)

**(ख) ग्लोब पर सभी _______ रेखाएँ पूर्ण वृत्त हैं।**

**उत्तर -** अक्षांश

**प्रश्न 23. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) भूमध्यरेखा से उत्तरी ध्रुव तक का क्षेत्र _______ कहलाता है।**

**उत्तर -** उत्तरी गोलार्द्ध

**(ख) पृथ्वी अपने अक्ष पर _______ घंटे में एक बार घूमती है।**

**उत्तर -** 24

**अथवा**

**निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) भारत का देशांतरीय विस्तार 68° से 97° पश्चिम देशांतर है।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) भारत में सबसे पूर्वी और सबसे पश्चिमी बिंदुओं के बीच स्थानीय समय का अंतर लगभग दो घंटे है।**

**उत्तर -** सही

**प्रश्न 24. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) पृथ्वी की सतह पर एक काल्पनिक रेखा जो एक कैलेंडर दिन को एक तरफ से दूसरी तरफ को अलग करती है, _______ कहलाती है।**

**उत्तर -** अंतरराष्ट्रीय समय रेखा

**(ख) _______ दिशा में स्थित स्थान/देश का समय दूसरी दिशा में स्थित स्थान / देश की तुलना में अग्रिम होता है।**

**उत्तर -** पूर्व

**अथवा**

**निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) रेल परिवहन ने पूरे विश्व को एक वैश्विक गाँव में बदल दिया है।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) सड़क परिवहन, परिवहन का एक लचीला एवं विश्वसनीय साधन है।**

**उत्तर -** सही

**प्रश्न 25. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) हिंदू देवी _______ के नाम का अर्थ है 'इच्छा की प्रख्यात देवी'।**

**उत्तर -** कामाख्या

**(ख) _______ हिंदुओं का मंदिर 'शाश्वत तीर्थ स्थान' के नाम से जाना जाता है।**

**उत्तर -** सोमनाथ

**अथवा**

**निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) हिंदू भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान अयोध्या है।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) अयोध्या के राजा भगवान राम ने अपने वनवास के 14 वर्षों के दौरान नासिक को अपना अस्थायी निवासस्थान बनाया था।**

**उत्तर -** सही

**प्रश्न 26. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) जहाँ 24 से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष प्राप्त किया था, वह स्थान _______ है।**

**उत्तर -** पार्श्वनाथ पर्वत

**(ख) साँची में एक बौद्ध धार्मिक केंद्र की स्थापना _______ के द्वारा की गई थी।**

**उत्तर -** सम्राट अशोक

**प्रश्न 27. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) ईसामसीह फिलिस्तीन क्षेत्र में रहते थे।**

**उत्तर -** सही

**(ख) ईसाई मंदिर को 'सिनेगॉग' कहा जाता है।**

**उत्तर -** गलत

**प्रश्न 28. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) 'खालसा' शब्द का अर्थ _______ है।**

**उत्तर –** अनुशासित (अनुशासित फौज)

**(ख) इस्लाम की स्थापना _______ वर्ष में हुई।**

**उत्तर -** 570

**प्रश्न 29. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) विदेश में तैनात राजनयिकों को पर्यटक कहा जाता है।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) भारत एक ऐसा देश है जो सभी आगंतुकों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार के लिए जाना जाता है।**

**उत्तर -** सही

**प्रश्न 30. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) 2014 में जिस देश से भारत में सबसे अधिक पर्यटक आए वह ब्रिटेन था।**

**उत्तर -** गलत

**(ख) विदेशी पर्यटकों में भारत की हिस्सेदारी विश्व पर्यटकों की तुलना में 1% से भी कम है।**

**उत्तर -** सही

**प्रश्न 31. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) सतत पर्यटन में ______ पर पर्यटक क्रियाकलापों के न्यूनतम प्रभाव को शामिल किया जाता है।**

**उत्तर -** पर्यावरण

**(ख) भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन 1991 से ______ के बाद तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है।**

**उत्तर -** उदारीकरण

**प्रश्न 32. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) विश्व पर्यटन दिवस ______ को मनाया जाता है।**

**उत्तर -** 27 सितम्बर

**(ख) 2015 में अफ्रीका का दौरा करने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या ______ थी।**

**उत्तर -** 53 मिलियन

**प्रश्न 33. निम्नलिखित कथनों की सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :**

**(क) संचार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें कम-से-कम दो व्यक्ति शामिल होते हैं।**

**उत्तर -** सही

**(ख) मौखिक संचार तत्काल प्रतिक्रिया प्रदान नहीं करता है।**

**उत्तर -** गलत

**प्रश्न 34. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) ______ परिवेश से तात्पर्य उन सभी बाह्य घटकों से है जो व्यवसाय को प्रभावित करते हैं और व्यावसायिक संगठनों से ऊपर है।**

**उत्तर -** व्यापक

**(ख) विक्रय ______ उन्मुख दृष्टिकोण है।**

**उत्तर -** उत्पादोन्मुख

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I ( यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार )**

**प्रश्न 35. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) वर्ष _______ में, भारत में एक कैबिनेट मंत्री के अधीन पर्यटन मंत्रालय और नागर विमानन पृथक् मंत्रालय के रूप में गठित हुआ।**

**उत्तर -** 1967

**(ख) वर्ष _______ में एक परिपत्र तैयार किया गया था, जो यात्रा चेक का अग्रदूत था।**

**उत्तर -** 1873

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II ( अतिथि सत्कार प्रबंधन )**

**प्रश्न 35. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(क) भारत का वह राज्य _______ है जिसे 'मसालों की भूमि' कहा जाता है।**

**उत्तर -** केरल

**(ख) सन्देश _______ व्यंजनों का एक लोकप्रिय डिज़र्ट है।**

**उत्तर -** बंगाली

# खण्ड-ख

**प्रश्न 36. 'व्यवहार' पद को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर -** व्यवहार वह तरीका है जिसमें कोई व्यक्ति या समाज के सदस्य कार्य करते हैं। यह किसी व्यक्ति और समाज के दृष्टिकोण तथा सोचने की प्रक्रिया को निर्धारित करता है। इसे किसी आयोजन, घटना या प्रतिक्रिया के संदर्भ में देखा जाता है।

**अथवा**

**'विषयक मानचित्र' पद को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर -** विषयक मानचित्र वे विशेष मानचित्र होते हैं जो किसी स्थान की विशिष्ट विषयगत सूचनाओं को दर्शाते हैं। इन सूचनाओं में जलवायु, वनस्पति, वर्षा, तापमान, फसलों का वितरण, खनिज, उद्योग, सड़क, रेल मार्ग और हवाई मार्ग आदि शामिल होते हैं।

**प्रश्न 37. 'तुजुक-ए-जहाँगीरी' में दर्ज तानसेन से संबंधित घटना का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर -** 'तुजुक-ए-जहाँगीरी' में वर्णित है कि फतेहपुर सीकरी के सूफी संत सलीम चिश्ती ने अपनी मृत्यु के समय अंतिम इच्छा के रूप में तानसेन का राग सुनने की इच्छा व्यक्त की थी। इस पर सम्राट अकबर ने तानसेन को उनके पास भेजा था।

**प्रश्न 38. 'अग्नि वेदियों' का वर्णन कीजिए जो वैदिक वास्तुकला की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता थी।**

**उत्तर -** वैदिक काल में अग्नि वेदियों का निर्माण सामाजिक और धार्मिक जीवन का एक अहम हिस्सा था। अग्नि पूजा के लिए घरों के आंगनों और मंडपों में इन अग्निवेदियों की स्थापना की जाती थी, जो उस समय की वास्तुकला की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता थी।

**अथवा**

**'उड़ीसा (ओडिशा) के सुंदर मंदिरों की दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – 'उड़ीसा (ओडिशा) के सुंदर मंदिरों की दो प्रमुख विशेषताएं :**

**1.** ओडिशा के सुंदर मंदिरों का निर्माण 'नागर' शैली में किया गया है।

**2.** इनकी मुख्य वास्तुकला विशेषताओं में 'शिखर' घुमावदार छत, 'गर्भगृह' जहाँ मुख्य मूर्ति होती है और खंभों पर आधारित 'मंडप' शामिल होते हैं।

**प्रश्न 39. 'बिहु' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (नोट) लिखिए।**

**उत्तर -** बिहू नृत्य असम राज्य के बिहू पर्व से जुड़ा एक प्रमुख लोकनृत्य है, जिसे असम के परंपरागत संगीत के साथ किया जाता है। इसमें स्त्री और पुरुष दोनों भाग लेते हैं। 'देओरी बिहू' और 'मिसिंग बिहू' इसके विभिन्न रूप हैं, जो सुख-दुख की भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

**अथवा**

**'लावणी' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (नोट) लिखिए।**

**उत्तर -** लावणी शब्द 'लावण्य' (सुंदरता) से बना है। यह महाराष्ट्र का सबसे लोकप्रिय संगीत व नृत्य प्रकार है, जिसे खूबसूरत महिलाएँ नौ गज की साड़ी पहनकर ढोलक की थाप पर करती हैं। यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शुष्क क्षेत्रों में विकसित हुआ।

**प्रश्न 40. 'बौद्धों के लिए एक पवित्र स्थान के रूप में उदयगिरि' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - उदयगिरि की दो विशेषताएं :**

**1.** ओडिशा के कटक के पास स्थित उदयगिरि छठी शताब्दी से एक प्रमुख बौद्ध स्थल रहा है।

**2.** आठवीं शताब्दी तक आते-आते यह बौद्ध कला और दर्शन के 'वज्रयान संप्रदाय' का एक मुख्य केंद्र बन गया था।

**अथवा**

**'सिखों के पवित्र स्थान के रूप में गुरुद्वारा पाओंटा साहिब' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - गुरुद्वारा पाओंटा साहिब की दो विशेषताएं**

**1.** यह पवित्र गुरुद्वारा सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी को समर्पित है और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में पाओंटा साहिब शहर में स्थित है।

**2.** 'पाओंटा' का शाब्दिक अर्थ 'पैर' होता है, जो इस स्थान के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को दर्शाता है।

**प्रश्न 41. 'मुसलमानों के पवित्र स्थान के रूप में हज़रतबल' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (नोट) लिखिए।**

**उत्तर -** कश्मीर की डल झील के किनारे स्थित 'हज़रतबल' एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सुंदर दरगाह है। यह कश्मीर की एकमात्र मस्जिद है जिसका गुंबद बल्बाकार है। मुसलमानों के लिए इसका अत्यधिक महत्व है क्योंकि यहाँ पैगंबर मोहम्मद साहब के पवित्र केश सुरक्षित रखे गए हैं।

**अथवा**

**'ईसाइयों के पवित्र स्थान के रूप में सेंट जॉन्स चर्च' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (नोट) लिखिए।**

**उत्तर -** सेंट जॉन चर्च उत्तर भारत का सबसे पुराना कैथेड्रल चर्च है, जिसका निर्माण सन् 1852 के आसपास हुआ था। यह हिमाचल प्रदेश के मैकलॉडगंज में देवदार के पेड़ों से घिरे एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण में स्थित है, जो श्रद्धालुओं को पूर्ण शुद्धता और मानसिक शांति का एहसास कराता है।

**प्रश्न 42. 'सभाएँ, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (MICE) पर्यटन' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (नोट) लिखिए।**

**उत्तर -** सभाएँ, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (MICE) पर्यटन का वह तेजी से उभरता हुआ रूप है जिसमें व्यापारिक बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के लिए यात्रा की जाती है। 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद इस क्षेत्र का बहुत विकास हुआ है।

**प्रश्न 43. 'संचार में बाधा के रूप में सूचना अतिभार' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** सूचना अतिभार का अर्थ है एक ही समय पर बहुत अधिक संदेश या जानकारी प्राप्त होना। उदाहरण के लिए, यदि एक रिसेप्शनिस्ट को 5 मिनट में 20 फोन कॉल आते हैं, तो वह सभी संदेशों को स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाएगी, जिससे सही संप्रेषण बाधित होगा।

**प्रश्न 44. प्रभावी लेखन के सिद्धांत के रूप में 'सामंजस्यता' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** लिखित संप्रेषण को स्पष्ट और प्रभावी बनाने के लिए 'सामंजस्यता' का नियम बहुत महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है कि वाक्यों, पैराग्राफों और पूरे संदेश के बीच आपसी संबंध और तालमेल होना चाहिए, ताकि संदेश का अर्थ स्पष्ट रूप से समझ आ सके।

**प्रश्न 45. 'व्यक्तित्व के निर्धारक के रूप में परिस्थिति' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** मनुष्य जिन विशिष्ट परिस्थितियों का सामना करता है, वे उसके व्यक्तित्व के लक्षणों को आकार देती हैं। उदाहरण के लिए, नौकरी के लिए साक्षात्कार के दौरान व्यक्ति को जो भी अच्छे या बुरे अनुभव प्राप्त होते हैं, वे उसके भविष्य के व्यवहार और व्यक्तित्व के विकास में बदलाव लाते हैं।

**प्रश्न 46. बौद्ध स्तूपों की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - बौद्ध स्तूपों की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

**1. बनावट :** बौद्ध स्तूप मूल रूप से कम ऊँचाई के गोलाकार ईंटों से बने बड़े टीले होते थे, जिनका आधार ऊँचा और सीढ़ीदार होता था।

**2. शीर्ष संरचना :** इन स्तूपों के सबसे ऊपरी हिस्से (शीर्ष) पर एक छाते के आकार का पत्थर लगा होता था।

**3. धार्मिक महत्व :** इन स्तूपों का निर्माण मुख्य रूप से बुद्ध के पवित्र अवशेषों को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए किया गया था, जो बाद में बौद्ध धर्म के प्रसार के केंद्र बने।

**अथवा**

**बुद्ध के समाधि स्थल की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - बुद्ध के समाधि स्थल की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

**1. संरचनात्मक बनावट :** स्तूप मूल रूप से ईंटों से बने बड़े, गोलाकार टीले होते थे जिनका आधार ऊँचा और सीढ़ीदार होता था। इनके शीर्ष पर छाते के आकार का पत्थर लगा होता था।

**2. अवशेषों का संरक्षण :** इन स्तूपों का मुख्य उद्देश्य भगवान बुद्ध के पवित्र शारीरिक अवशेषों को सुरक्षित और संरक्षित रखना था।

**3. तीर्थ और पर्यटन केंद्र :** भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं के स्थानों जैसे लुम्बिनी, गया, सारनाथ, कुशीनगर पर बने ये समाधि स्थल आज विश्वभर के बौद्ध अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र तीर्थ स्थल और प्रमुख पर्यटन आकर्षण के केंद्र हैं।

**प्रश्न 47. 'हिंदुओं के पवित्र स्थान के रूप में अमरनाथ' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - 'हिंदुओं के पवित्र स्थान के रूप में अमरनाथ' का महत्त्व :**

**1. स्थान और प्रकृति :** अमरनाथ गुफा जम्मू और कश्मीर के बर्फीले पहाड़ों से घिरे क्षेत्र में स्थित है, जो भगवान शिव को समर्पित है।

**2. धार्मिक प्रतीक :** इस गुफा का सबसे बड़ा धार्मिक महत्व यहाँ प्राकृतिक रूप से बनने वाला बर्फ का शिवलिंग है।

**3. तीर्थ यात्रा :** यह क्षेत्र बेहद दुर्गम है और केवल गर्मियों में बहुत कम समय के लिए यहाँ बर्फ हटने पर ही तीर्थ यात्रियों को दर्शन के लिए प्रवेश मिलता है।

**अथवा**

**सन् 1496 के बाद गुरु नानकजी के जीवन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - गुरु नानकजी के जीवन की प्रमुख गतिविधियाँ :**

**1. आध्यात्मिक अनुभव :** 1496 में ज्ञानोदय प्राप्त करने के बाद, उन्होंने अपना जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

**2. व्यापक यात्राएँ :** उन्होंने प्रेम और भाईचारे का संदेश देने के लिए मरदानाजी और भाई बाला के साथ लंबी यात्राएँ कीं।

**3. उपदेश का माध्यम :** वे कीर्तन, भजन और रागों के माध्यम से उपदेश देते थे और लोगों को अंधविश्वास व जातिप्रथा से दूर रहने को कहते थे।

**प्रश्न 48. भौगोलिक कारक पर्यटन को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन पर भौगोलिक प्रभाव :**

**1. जलवायु का प्रभाव :** भौगोलिक जलवायु पर्यटकों के आवागमन का निर्धारण करती है; जैसे गर्मी में मैदानी क्षेत्रों के लोग ठंडे हिल स्टेशनों की ओर जाते हैं।

**2. पसंद का निर्धारण :** ठंडे क्षेत्रों के पर्यटक सर्दियों में गर्म जलवायु वाले स्थानों की ओर यात्रा करते हैं।

**3. आकर्षण का केंद्र :** किसी स्थान की अवस्थिति, प्राकृतिक परिदृश्य, पहाड़, और भौगोलिक विविधता ही पर्यटकों को सबसे अधिक अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**अथवा**

**आगंतुक और पर्यटक में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - आगंतुक और पर्यटक में अंतर :**

| तुलना का आधार | आगंतुक | पर्यटक |
|---|---|---|
| **1. व्यापकता** | यह एक बहुत व्यापक शब्द है। | यह 'आगंतुक' का ही एक विशिष्ट रूप है। |
| **2. उद्देश्य** | इसमें नौकरी, व्यवसाय, कूटनीतिक या सामाजिक कार्य से आने वाले सभी लोग शामिल हैं। | इसमें मुख्य रूप से अवकाश, मनोरंजन, स्वास्थ्य, तीर्थयात्रा या खेल जैसे उद्देश्य शामिल हैं। |
| **3. समय सीमा** | इसके लिए किसी विशेष समय सीमा की अनिवार्यता नहीं है। | इसके लिए कम से कम 24 घंटे तक गंतव्य स्थान पर रुकना अनिवार्य है। |
| **4. आय** | इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो गंतव्य स्थान पर काम करके धन अर्जित करते हैं। | इसमें पर्यटक कोई भी ऐसा कार्य नहीं करता जिसके लिए उसे पारिश्रमिक या वेतन मिले। |

**प्रश्न 49. विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारक के रूप में 'यात्रा लागत' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – यात्रा खर्च और पर्यटन की गतिशीलता :**

**1. बाजार प्रोत्साहन :** जब यात्रा और संबंधित सेवाओं जैसे टिकट, होटल की लागत कम होती है, तो यह पर्यटन गतिविधियों को गति प्रदान करती है और लोग अधिक यात्रा करते हैं।

**2. बाधा का रूप :** यात्रा की महँगी दरें पर्यटन विकास में एक बड़ी बाधा बनती हैं क्योंकि पर्यटक अपनी यात्रा योजनाओं में कटौती कर देते हैं।

**3. आर्थिक निर्धारण :** यात्रा खर्च पर्यटन का एक प्रमुख निर्धारक है, जो अधिकांश पर्यटकों के लिए यात्रा का निर्णय लेने का आधार बनता है।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I ( यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार )**

**प्रश्न 50. बहिर्गामी पर्यटन संचालकों के किन्हीं तीन कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - बहिर्गामी संचालकों के तीन कार्य :**

**1. पैकेज डिज़ाइन :** ये अपने देश के पर्यटकों के लिए विदेशों (समुद्र पार देशों) की यात्रा हेतु पर्यटन पैकेजों की रूपरेखा तैयार करते हैं।

**2. प्रलेखन कार्य :** ये पर्यटकों के लिए पासपोर्ट, वीज़ा और अन्य यात्रा दस्तावेजों को तैयार करने व प्राप्त करने में सहायता करते हैं।

**3. अनुबंध एवं समन्वय :** ये गंतव्य देशों में आवास, स्थानीय परिवहन और दृश्यावलोकन की सेवाओं के लिए वहां के स्थानीय संचालकों के साथ अनुबंध करते हैं।

**प्रश्न 51. थोक यात्रा ऐजेन्सी के किन्हीं तीन कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - थोक यात्रा एजेंसी की कार्यप्रणाली :**

**1. बड़ी मात्रा में खरीद :** ये प्रमुख सेवा प्रदाताओं से यात्रा सेवाओं के अवयवों को बड़ी मात्रा में खरीदती हैं।

**2. पैकेज का पुनर्संरचना :** इन अलग-अलग सेवाओं को जोड़कर ये आकर्षक पर्यटन-पैकेज तैयार करती हैं।

**3. वितरण प्रणाली :** ये सीधे ग्राहक के बजाय खुदरा एजेंटों के माध्यम से पैकेज बेचती हैं और थोक छूट से अपनी आय अर्जित करती हैं।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II (अतिथि सत्कार प्रबंधन)**

**प्रश्न 50. 'कानूनी परिवर्तन' आतिथ्य उद्योग को कैसे प्रभावित करते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - आतिथ्य उद्योग पर कानूनी परिवर्तनों का प्रभाव :**

**1. कर संरचना में बदलाव :** कर कानूनों जैसे वैट, जीएसटी या सेवा कर में संशोधन से सेवाओं की लागत बढ़ जाती है। इससे होटल और रेस्तरां अपने दाम बढ़ाने को मजबूर होते हैं, जिससे पर्यटकों की मांग प्रभावित होती है।

**2. विनियामक अनुपालन :** विनियामक वातावरण में बदलाव होटल और रेस्तरां की व्यापार-प्रक्रियाओं को कठिन बना देते हैं। स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा और लाइसेंसिंग नियमों में नए संशोधन होटल प्रबंधन को अपनी कार्यप्रणाली बदलने के लिए मजबूर करते हैं।

**3. संचालन लागत पर असर :** नए कानूनी मानकों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त निवेश करना पड़ता है, जिससे होटल के बजट पर बोझ बढ़ता है।

**प्रश्न 51. 'प्रतिस्पर्धा' आतिथ्य उद्योग को कैसे प्रभावित करती है? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - आतिथ्य उद्योग में प्रतिस्पर्धा का प्रभाव इस प्रकार है :**

**1. सेवाओं का उच्च स्तर :** बाजार में बनी रहने के लिए होटलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उन्हें अपने ग्राहकों को बेहतर और उच्च-स्तरीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रेरित करती है।

**2. बाह्य कारकों का दबाव :** अक्सर आर्थिक या विनियामक कारकों में अचानक बदलाव (जैसे सुरक्षा प्रतिबंध) से जब पर्यटकों की संख्या कम हो जाती है, तो होटलों के बीच ग्राहकों को आकर्षित करने की होड़ बहुत तीव्र हो जाती है।

**3. व्यावसायिक रणनीति :** प्रतिस्पर्धा के कारण होटल प्रबंधकों को अपनी रणनीतियों में निरंतर बदलाव करना पड़ता है ताकि वे बाजार में अपने अस्तित्व को बचाए रख सकें और व्यवसाय के नुकसान को कम कर सकें।

# खण्ड-ग

**प्रश्न 52. पर्यटकों के लिए सड़क मानचित्र किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है? छः बिंदुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – पर्यटकों के लिए सड़क मानचित्र का महत्त्व :**

**1. मार्ग की जानकारी :** यह किसी विशिष्ट क्षेत्र में विभिन्न मौसमों में वाहन चलाने योग्य सड़कों की सटीक जानकारी प्रदान करता है।

**2. सड़क वर्गीकरण :** इसके माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, जिला और ग्रामीण सड़कों को अलग-अलग तरीकों से पहचाना जा सकता है।

**3. सुविधाओं का विवरण :** इन मानचित्रों पर पेट्रोल पंपों, रहने व खाने-पीने की सुविधा और सार्वजनिक सहायता केंद्रों की सूचना होती है।

**4. दूरी का आकलन :** इसमें दी गई 'दूरी तालिका' यात्रा के समय और निर्णय लेने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

**5. सुगम आवागमन :** राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग पर्यटकों के आवागमन को सुगम बनाते हैं, जिसे मानचित्र पर आसानी से देखा जा सकता है।

**6. व्यावसायिक योजना :** यह मानचित्र पर्यटकों को गंतव्य स्थान तक पहुँचने का सर्वोत्तम मार्ग चुनने में सहायता करता है।

**अथवा**

**वायु परिवहन पर्यटन के विकास में किस प्रकार एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है? भारतीय संदर्भों में छः बिंदुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन के विकास में वायु परिवहन की भूमिका :**

**1. तीव्र गति :** वायु परिवहन यात्रा का सबसे तेज़ साधन है, जो कुछ घंटों में हजारों किलोमीटर की दूरी तय करके पर्यटन स्थलों को सुलभ बनाता है।

**2. समय की बचत :** कम समय में अधिक दूरी तय करने से पर्यटक अपने गंतव्य पर अधिक समय बिता सकते हैं, जो पर्यटन की वृद्धि के लिए अनिवार्य है।

**3. वैश्विक कनेक्टिविटी :** हवाई यातायात ने भारत को दुनिया के अन्य राष्ट्रों से जोड़कर इसे एक 'वैश्विक गाँव' के रूप में स्थापित किया है।

**4. भौगोलिक बाधाओं से मुक्ति :** यह परिवहन दुर्गम पहाड़ों, घने जंगलों, रेगिस्तानों और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों जैसी ज़मीनी बाधाओं को पार करने में सक्षम है।

**5. विदेशी पर्यटकों का प्रवेश :** भारत में लगभग 97% अंतरराष्ट्रीय पर्यटक हवाई मार्ग से ही आते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा अर्जन में वृद्धि होती है।

**6. आधुनिक सुविधाएँ :** प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों जैसे दिल्ली, मुंबई के आधुनिकीकरण और विशेष चार्टर उड़ानों की सुविधा ने भारत के पर्यटन को नई गति प्रदान की है।

**प्रश्न 53. बैठक बुलाने की प्रक्रिया में तीन चरणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - बैठक बुलाने की प्रक्रिया के तीन चरण :**

**1. नोटिस :** बैठक का आयोजन करने वाला व्यक्ति संबंधित सदस्यों को लिखित में बैठक की सूचना देता है। इस नोटिस में बैठक की तिथि, समय, स्थान और मुख्य चर्चा के विषयों (एजेंडा) का स्पष्ट उल्लेख होता है।

**2. कार्यसूची :** बैठक में जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जानी है, उनकी एक सूची तैयार की जाती है। कार्यसूची की एक प्रति सभी सदस्यों को बैठक से पूर्व भेजी जाती है ताकि वे केवल संदर्भित विषयों पर तैयारी के साथ चर्चा कर सकें।

**3. बैठक का विवरण :** बैठक के दौरान चर्चा किए गए हर मुद्दे पर बारीकी से विचार-विमर्श किया जाता है। अंत में जो निर्णय लिए जाते हैं, उनका कार्यालयी रिकॉर्ड रखा जाता है। इसी लिखित रिकॉर्ड को बैठक के 'मिनट्स' या 'विवरण' कहा जाता है।

**अथवा**

**साक्षात्कार का सामना कैसे करें? छः बिंदुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - साक्षात्कार में सफलता के लिए छह बिंदु :**

**1. पूर्व तैयारी :** सफलता तैयारी पर निर्भर करती है। संभावित कठिन प्रश्नों का उत्तर देने का अभ्यास करें और मॉक इंटरव्यू का सहारा लें।


**2. आत्मविश्वास और नियंत्रण :** साक्षात्कार के दौरान शांत रहें। प्रवेश करते समय अपना परिचय दें और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएँ।

**3. ध्यान भटकाने वाली वस्तुओं से दूरी :** अपना मोबाइल फोन बंद रखें। साक्षात्कार के दौरान ध्यान भटकाने वाली कोई वस्तु पास न रखें।

**4. आँखों से संपर्क :** साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति से आँखों में देखकर बात करना। यह आपका आत्मविश्वास और सकारात्मक रवैया दर्शाता है।

**5. सकारात्मकता :** किसी भी नकारात्मक टिप्पणी को न दोहराएँ। अपने हर उत्तर को सकारात्मक और ईमानदारी के साथ प्रस्तुत करें।

**6. ईमानदारी :** यदि किसी प्रश्न का उत्तर न पता हो, तो विनम्रता से मना कर दें और यह वादा करें कि आप जानकारी प्राप्त कर उनसे साझा करेंगे। गलत अनुमान लगाने से बचें।


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2024
Your Path to Success

# खण्ड-क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यटन का नकारात्मक आर्थिक प्रभाव है ?**

**(A) आय में वृद्धि** **(B) आय की प्राप्ति**

**(C) रोजगार में वृद्धि** **(D) आयात में वृद्धि**

**उत्तर -** (D) आयात में वृद्धि

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यटन का सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव है?**

**(A) बुनियादी ढाँचे के निर्माण के कारण कृषि योग्य भूमि में कमी**

**(B) मानवीय हस्तक्षेप के कारण भूस्खलन में वृद्धि**

**(C) स्थानीय परिवहन में जैव ईंधन की खपत से पर्यावरण प्रदूषण**

**(D) पर्यटकों के आकर्षण के लिए सफाई अभियान बढ़ाया गया**

**उत्तर -** (D) पर्यटकों के आकर्षण के लिए सफाई अभियान बढ़ाया गया

**प्रश्न 3. देशांतर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

**(A) सभी देशांतर रेखाए समान्तर है।**

**(B) यह प्रधान मध्याह्न रेखा के पूर्व या पश्चिम में डिग्री में दूरी है।**

**(C) देशांतर की सभी रेखाएँ अक्षांश की रेखाओं को 90° पर काटती हैं।**

**(D) यह एक काल्पनिक रेखा है जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक चलती है।**

**उत्तर -** (A) सभी देशांतर रेखाए समान्तर है।

**प्रश्न 4. गोल्डन ट्राएंगल हाईवे किन शहरों को जोड़ता है?**

**(A) दिल्ली-आगरा-जोधपुर** **(B) दिल्ली-आगरा-उदयपुर**

**(C) दिल्ली-जयपुर-जैसलमेर** **(D) दिल्ली-आगरा-जयपुर**

**उत्तर -** (D) दिल्ली-आगरा-जयपुर

**प्रश्न 5. कौन सी लग्जरी ट्रेन शेखावाटी सहित राजस्थान के छोटे शहरों को जोड़ती है?**

**(A) हैरीटेज ऑन व्हील** **(B) फैरी क्वीन**

**(C) भारत दर्शन** **(D) पैलस ऑन व्हील**

**उत्तर -** (A) हैरीटेज ऑन व्हील

**प्रश्न 6. किस तटीय राज्य में सबसे अधिक संख्या में प्रमुख बंदरगाह हैं?**

**(A) पश्चिम बंगाल** **(B) तमिलनाडु**

**(C) महाराष्ट्र** **(D) गुजरात**

**उत्तर -** (B) तमिलनाडु

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किस संगीतकार को कव्वाली के आविष्कार का श्रेय दिया जाता है?**

**(A) तानसेन** **(B) हापा चरण**

**(C) अमीर खुसरो** **(D) मियां लाल खां**

**उत्तर -** (C) अमीर खुसरो

**प्रश्न 8. भारत रत्न पंडित रविशंकर किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध वादक थे?**

**(A) वीना** **(B) सरोद**

**(C) सारंगी** **(D) सितार**

**उत्तर -** (D) सितार

**प्रश्न 9. "मोरुलेम" किस राज्य का पारंपरिक लोक नृत्य है?**

**(A) गोवा** **(B) महाराष्ट्र**

**(C) गुजरात** **(D) दमन और दीव**

**उत्तर -** (A) गोवा

**प्रश्न 10. बुद्ध को महापरिनिर्वाण कहाँ प्राप्त हुआ?**

**(A) लुंबिनी** **(B) कुशीनगर**

**(C) सारनाथ** **(D) गया**

**उत्तर -** (B) कुशीनगर

**प्रश्न 11. हिंदुओं के चार "धाम" या पवित्र स्थान हैं:**

**(A) बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी और वाराणसी**

**(B) बद्रीनाथ, हरिद्वार, पुरी और रामेश्वरम**

**(C) बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी और रामेश्वरम**

**(D) द्वारका, पुरी, रामेश्वरम और श्रृंगेरी**

**उत्तर -** (C) बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी और रामेश्वरम

**प्रश्न 12. माउंट पार्श्वनाथ एक धार्मिक विरासत स्थल है:**

**(A) हिंदुओं** **(B) सिखों**

**(C) बौद्धों** **(D) जैन**

**उत्तर -** (D) जैन

**प्रश्न 13. हेमकुंड साहिब निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

**(A) हिमाचल प्रदेश** **(B) उत्तराखंड**

**(C) उत्तर प्रदेश** **(D) महाराष्ट्र**

**उत्तर -** (B) उत्तराखंड

**प्रश्न 14. 2014 में किस राज्य में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक आये?**

**(A) राजस्थान** **(B) तमिलनाडु**

**(C) महाराष्ट्र** **(D) केरल**

**उत्तर -** (B) तमिलनाडु

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से कौन सा मौखिक संचार का नुकसान है?**

**(A) यह तत्काल प्रतिक्रिया प्रदान करता है।**

**(B) यह संवाद का अवसर प्रदान करता है।**

**(C) यह रिकॉर्ड या संदर्भ प्रदान नहीं करता है।**

**(D) यह तेज़ है और समय बचाता है।**

**उत्तर -** (C) यह रिकॉर्ड या संदर्भ प्रदान नहीं करता है

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से कौन सा संचार के 7 सी (7C) में शामिल नहीं है?**

**(A) साफ़-सफ़ाई** **(B) पूर्णता**

**(C) यथार्थता** **(D) संक्षिप्ति**

**उत्तर -** (A) साफ़-सफ़ाई

**प्रश्न 17. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

**(i) _______ पृथ्वी को दो गोलार्द्धों में विभाजित करता है।**

**उत्तर -** भूमध्य रेखा

**(ii) _______ पृथ्वी की सतह पर एक काल्पनिक रेखा है, जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक चलती है।**

**उत्तर -** देशांतर

**प्रश्न 18. सत्य या असत्य अंकित कीजिए:**

**(i) भारत में दो समय क्षेत्र हैं।**

**उत्तर -** असत्य

**(ii) दो स्थानों के बीच समय के अंतर की गणना करने के लिए, दोनों स्थानों के देशांतर को जानना पर्याप्त नहीं है।**

**उत्तर -** असत्य

**प्रश्न 19. एक शब्द में उत्तर दीजिए।**

**(i) अमीर खुसरो के गुरु कौन थे?**

**उत्तर -** शेख निज़ामुद्दीन

**(ii) अमीर खुसरो ने किस वाद्य यंत्र का आविष्कार किया था?**

**उत्तर -** सितार

**प्रश्न 20. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) अशोक के शासनकाल के दौरान, कई अखंड पत्थर के खंभे बनाए गए थे जिन पर _______ की शिक्षाएँ अंकित थीं।**

**उत्तर -** धम्म

**(ii) सारनाथ स्तंभ की लॉयन केपीटल को भारतीय गणराज्य के _______ के रूप में अपनाया गया है।**

**उत्तर -** राष्ट्रीय प्रतीक

**प्रश्न 21. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) वह पवित्र स्थान, जो श्रीकृष्ण साम्राज्य की राजधानी थी और जहाँ कई बहुत महत्वपूर्ण मंदिर हैं, _______ है।**

**उत्तर -** वह द्वारका

**(ii) वह पवित्र स्थान जहाँ श्री राम ने अपनी पत्नी सीता जी की शरण में जाते समय श्रीलंका तक समुद्र पर एक पुल बनाया था, उसे _______ कहा जाता है।**

**उत्तर -** रामेश्वरम

**प्रश्न 22. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) पैगंबर मोहम्मद को वर्ष 610 ईस्वी में _______ वर्ष की आयु में पैगंबरी प्राप्त हुई।**

**उत्तर -** 40

**(ii) हिजरी युग की शुरुआत वर्ष _______ में हुई थी।**

**उत्तर -** 622 ईसवीं

**प्रश्न 23. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) 'अतिथि देवो भव' का अर्थ _______ है।**

**उत्तर -** मेहमान भगवान का स्वरूप है

**(ii) वह पर्यटन जिसमें स्थानीय लोगों और उनके सांस्कृतिक जीवन के साथ पर्यटकों की बातचीत शामिल होती है, _______ पर्यटन कहलाता है।**

**उत्तर -** ग्रामीण

**प्रश्न 24. सत्य या असत्य लिखिए:**

**(i) भारत में पर्यटन सबसे बड़ा उद्योग है।**

**उत्तर -** असत्य

**(ii) पर्यटन उद्योग में लगभग दस मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 25. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) 1951 और 2010 के बीच भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन की सबसे कम दशकीय वृद्धि दर _______ में थी।**

**उत्तर -** 1990

**(ii) 1997 और 2015 के बीच भारत में विदेशी पर्यटकों की उच्चतम प्रतिशत वृद्धि दर वर्ष _______ में दर्ज की गई थी।**

**उत्तर -** 2003

**प्रश्न 26. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) UNWTO का मतलब _______ है।**

**उत्तर -** संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन

**(ii) UNWTO की 2015 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक आने वाला देश _______ है।**

**उत्तर -** फ्रांस

**प्रश्न 27. सत्य या असत्य लिखिए:**

**(i) अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन के मामले में भारत शीर्ष दस देशों में शामिल है।**

**उत्तर -** असत्य

**(ii) यूरोप में सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन आगमन होता है।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 28. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा तथ्यों, विचारों, विचारों या भावनाओं के आदान-प्रदान को _______ कहा जाता है।**

**उत्तर -** संप्रेषण

**(ii) वह भाषा जो विज्ञान, वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, व्यापार या पेशे के लिए विशेष है, _______ कहलाती है।**

**उत्तर -** जारगान

**प्रश्न 29. सत्य या असत्य लिखिए:**

**(i) 'भावनात्मक स्थिरता' एमबीटीआई दृष्टिकोण के तहत सूचीबद्ध एक व्यक्तित्व विशेषता है।**

**उत्तर -** असत्य

**(ii) विचारशील व्यक्तित्व वाले लोग लचीले और सहज होते हैं।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 30. सत्य या असत्य लिखिए:**

**(i) विपणन खरीदार की जरूरतों को पूरा कर रहा है।**

**उत्तर -** सत्य

**(ii) मार्केटिंग बिक्री का एक हिस्सा है।**

**उत्तर -** असत्य

**प्रश्न 31. मूल्य को परिभाषित कीजिये।**

**उत्तर -** मूल्य वे आदर्श हैं, जो समाज में सभी के ऊपर समान रूप से लागू होते हैं जैसे ईमानदारी, सम्मान, और करुणा, ये मानदंडों की नींव की ईंटें हैं।

**अथवा**

**'मानदंड' को परिभाषित कीजिये।**

**उत्तर -** मानदंड समाज के औपचारिक नियम होते हैं, जो सद्भाव बनाए रखने के लिए समुदाय, समूह या समाज के सदस्यों को विनियमित करते हैं।

**प्रश्न 32. व्याख्या कीजिए कि पर्यटन को एक उद्योग क्यों माना जाता है?**

**उत्तर -** पर्यटन को एक उद्योग माना जाता है क्योंकि इसमें लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरण शामिल होता है जिसके लिए परिवहन, आवास, भोजन और पेय जैसी बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता होती है। यह स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर और आर्थिक गतिविधियाँ उत्पन्न करता है, जिससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है।

**प्रश्न 33. कर्नाटक संगीत पर एक नोट लिखिए।**

**उत्तर -** दक्षिण भारत में संगीत मुख्य रूप से ईश्वर के प्रति समर्पण से जुड़ा हुआ है। इस दक्षिण भारतीय संगीत को ही कर्नाटक संगीत कहा जाता है। इसे 8वीं सदी में भक्ति-संतों ने पहचाना, जो ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए संगीत, नृत्य और गायन का प्रयोग करते थे। यहीं से गुरु-शिष्य परंपरा का जन्म हुआ।

**प्रश्न 34. संगीत वाद्ययंत्र 'बांसुरी' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर - 'बांसुरी' की दो विशेषताएं :**

**1.** यह हवा से बजने वाला उपकरण है जिसमें छिद्रों से हवा का प्रवाह होने से मधुर आवाज निकलती है।

**2.** यह वाद्ययंत्र भगवान कृष्ण से विशेष रूप से संबंधित है और इसका ज़िक्र वैदिक काल से मिलता है।

**अथवा**

**संगीत वाद्ययंत्र 'सारंगी' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर - 'सारंगी' की दो विशेषताएं :**

**1.** सारंगी में धनुष के आकार का तार होता है और यह भारत का प्रतिनिधित्व करती है.

**2.** सारंगी की आवाज़ मानव आवाज़ के बहुत समीप है, इसलिए इसे भारत में सबसे अच्छा सहयोगी वाद्य यंत्र माना जाता है.

**प्रश्न 35. हड़प्पावासियों के किन्हीं दो श्रेष्ठ नगर नियोजन कौशलों का उल्लेख कीजिये।**

**उत्तर - हड़प्पावासियों के दो श्रेष्ठ नगर नियोजन कौशल :**

**1.** उनके शहर ज्यामितीय आकार अथवा ग्रिड की रूपरेखा में बड़े ही नियोजित तरीके से बनाए गए थे।

**2.** वहाँ की सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं और वहाँ एक उन्नत जल निकासी प्रणाली भी मौजूद थी।

# खण्ड-ख

**प्रश्न 36. 'चट्टानकृत मंदिरों' की दो मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – 'चट्टानकृत मंदिरों' की दो मुख्य विशेषताएं :**

**1.** ये मंदिर विशाल चट्टानों को काटकर बनाए जाते थे, जो उनके स्थायित्व और शाश्वत रूप से अडिग खड़े रहने का प्रमाण देते हैं।

**2.** इनमें सुसज्जित दीवारें और बड़े कमरे होते थे। एलोरा का कैलाश मंदिर और महाबलीपुरम का 'रथ' मंदिर इसके प्रमुख और अद्भुत उदाहरण हैं।

**अथवा**

**'गुफा वास्तुकला' की दो मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – 'गुफा वास्तुकला' की दो मुख्य विशेषताएं :**

**1.** गुफा वास्तुकला में पहाड़ों को काटकर गुफाओं का निर्माण किया जाता था; जैसे महाराष्ट्र की अजंता व एलोरा और मध्यप्रदेश की उदयगिरी गुफाएँ।

**2.** इन गुफाओं के भीतर बौद्ध विहार, चैत्य, मंडप और हिंदू देवी-देवताओं के खंभों से सजे हुए मंदिर पाए जाते हैं।

**प्रश्न 37. संचार में किन्हीं दो बाधाओं की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर - संचार में दो बाधाएं :**

**1. शोर :** अवांछित संकेत या आवाज़ें जैसे मशीनों का शोर वांछित संदेश की प्राप्ति में बाधा डालती हैं।

**2. दूरी :** संदेश भेजने और प्राप्त करने वाले के बीच अधिक दूरी होने पर (बिना तकनीकी यंत्र के) आवाज़ सुनने और संप्रेषण में रुकावट आती है।

**अथवा**

**बैठक के दो मुख्य उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - बैठक के दो मुख्य उद्देश्य :**

**1.** सदस्यों को किसी विषय विशेष पर सूचना देना तथा उसका वर्णन करना।

**2.** किसी परिस्थिति को समझना और सदस्यों से प्रतिक्रिया, विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान प्राप्त करना।

**प्रश्न 38. व्याख्या कीजिए कि 'प्रस्तुति' को कौन से तथ्य प्रभावी बनाते है?**

**उत्तर -** एक प्रस्तुति को प्रभावी बनाने के लिए वक्ता को पहले अपने श्रोताओं को जानना चाहिए। प्रस्तुतिकरण छोटा तथा मुख्य प्रकरण पर केंद्रित होना चाहिए। बोलते समय शांत और चिंता मुक्त रहना, श्रोताओं के साथ आँखों से संपर्क बनाए रखना, और सरल शब्दों का प्रयोग करना इसे अत्यधिक प्रभावशाली बनाता है।

**प्रश्न 39. व्यक्तित्व के गुणों में बहिर्मुखता और अंतर्मुखता के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर -** बहिर्मुखी लोग सामाजिक तौर पर खुले, अपनी बात खुलकर कहने वाले होते हैं और लोगों के साथ समय बिताकर खुद को ऊर्जावान महसूस करते हैं। इसके विपरीत, अंतर्मुखी लोग चुपचाप रहने वाले, शर्मीले होते हैं। वे गहन तथा अर्थपूर्ण सामाजिक मेल-जोल पसंद करते हैं और अकेले रहकर बेहतर महसूस करते हैं।

**अथवा**

**'कर्तव्यनिष्ठा' को एक व्यक्तित्व गुण के रूप में स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर -** कर्तव्यनिष्ठा बिग फाइव मॉडल के अनुसार व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण लक्षण है। ऐसे लोग आत्म-अनुशासन दिखाने की प्रवृत्ति रखते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य हमेशा पूरी जिम्मेदारी से कार्य करना तथा अपने लक्ष्यों व उपलब्धियों को प्राप्त करना होता है।

**प्रश्न 40. किसी बैठक के संदर्भ में 'एजेंडा' की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** बैठक के संदर्भ में 'एजेंडा' (कार्यसूची) उन विषयों और मुद्दों की सूची होती है जिन पर बैठक के दौरान चर्चा की जानी है। बैठक शुरू होने से पहले कार्यसूची की एक-एक प्रति हर सदस्य के पास भेज दी जाती है ताकि सदस्य तैयारी कर सकें और बैठक में केवल संदर्भित मुद्दों पर ही केंद्रित चर्चा हो सके।

**प्रश्न 41. भूगोल, यात्रा और पर्यटन में किस प्रकार सहायता करता है? कोई तीन तरीके स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - भूगोल यात्रा और पर्यटन को इन तरीकों से सहायता करता है :**

**1. स्थानों का निर्धारण :** यह मानचित्र पर किसी भी विशिष्ट क्षेत्र या गंतव्य का सटीक पता लगाने में पर्यटकों की मदद करता है।

**2. समय अंतराल की गणना :** इसके द्वारा उद्गम और गंतव्य स्थानों के बीच भौगोलिक समय अंतराल का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

**3. वैश्विक घड़ी का निर्धारण :** देशांतर की सहायता से वैश्विक परिप्रेक्ष्य में घड़ी का सही समय निर्धारित करने में मदद मिलती है।

**अथवा**

**'स्थायी पर्यटन' की अवधारणा की तीन बिंदुओं में व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर - 'स्थायी पर्यटन' की अवधारणा के तीन मुख्य बिंदु :**

**1. संसाधनों की निरंतरता :** इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय और स्थानीय संसाधनों की निरंतरता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है ताकि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचे रहें।

**2. संतुलन स्थापित करना :** यह आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कारकों के बीच एक उचित और उपयुक्त सामंजस्य बनाए रखने पर जोर देता है।

**3. वहन क्षमता का ध्यान :** पर्यटन को इस प्रकार विकसित किया जाता है जिससे प्राकृतिक परिवेश की क्षमता पर भारी दबाव न पड़े और जीवन की गुणवत्ता में कोई कमी न आए।

**प्रश्न 42. पर्यटन में मानचित्रों के महत्व के किन्हीं तीन बिंदुओं की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर - पर्यटन में मानचित्रों का महत्व इस प्रकार है :**

**1. विशाल क्षेत्र का बोध** : मानचित्र बहुत बड़े भौगोलिक क्षेत्रों को आसानी से समझने योग्य बना देते हैं, जिससे पर्यटक विविध तत्वों को एक नजर में देख पाते हैं।

**2. स्थानिक विविधता का प्रदर्शन :** लिखकर समझाने की तुलना में, मानचित्रों के माध्यम से किसी स्थान की स्थानिक विविधता और प्रतिरूप को समझना अधिक आसान और स्पष्ट होता है।

**3. सूचनाओं का सुव्यवस्थित संग्रहण :** मानचित्र सुव्यवस्थित होते हैं और स्थानिक सूचनाओं जैसे रूट, दूरियां, और रास्ते के संग्रहण के लिए बहुत उपयुक्त होते हैं।

**प्रश्न 43. हिंदुओं के पवित्र स्थानों में सबसे पवित्र वाराणासी के महत्व के किन्हीं तीन बिंदुओं की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर - वाराणसी (काशी) का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व :**

**1. भगवान शिव का शहर :** पावन नदी गंगा के तट पर स्थित इस शहर को विशेष रूप से भगवान शिव का शहर माना जाता है और यह हिंदुओं का सर्वाधिक पवित्र तीर्थ है।

**2. मंदिरों और प्रतिमाओं का गढ़ :** यहाँ दो हज़ार से भी अधिक मंदिर और लगभग पाँच लाख से अधिक प्रतिमाएँ स्थापित हैं, जिनमें अधिकांश शिवजी और उनके परिवार से संबंधित हैं।

**3. शिक्षा का प्राचीन केंद्र :** धार्मिक महत्ता के साथ-साथ यह प्राचीन गुरुकुलों और शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र रहा है। विदेशी यात्रियों ने इसे 'भारत का एथेंस' भी कहा है।

**अथवा**

**जैनियों के पवित्र स्थान के रूप में शत्रुंजय, गुजरात के महत्व के किन्हीं तीन बिंदुओं की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर - गुजरात स्थित 'शत्रुंजय' का जैन धर्म में विशेष महत्व है :**

**1. मोक्ष प्राप्ति का स्थल :** यह एक प्राचीन पारंपरिक तीर्थस्थल है जहाँ मान्यता है कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव और उनके प्रमुख अनुयायियों ने मोक्ष प्राप्त किया था।

**2. विशाल मंदिर परिसर :** नौ दीवारों वाले इस स्थान के भीतर सैंकड़ों छोटे-बड़े प्राचीन मंदिर स्थित हैं, जिनमें 1231 ई. में वास्तुपाल द्वारा बनाए गए सात मंदिर भी शामिल हैं।

**3. कठिन परंतु पवित्र यात्रा :** यहाँ की 12 मील की यात्रा अत्यंत कठिन मानी जाती है, फिर भी हर वर्ष किसी एक विशिष्ट दिन लगभग 20 हज़ार दर्शनार्थी यहाँ दर्शन के लिए आते हैं।

**प्रश्न 44. अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों के बीच अंतर को काई तीन बिंदुओं से स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों के बीच अंतर :**

| आधार | घरेलू पर्यटक | अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक |
|---|---|---|
| **1. भौगोलिक सीमा** | ये पर्यटक देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर ही अपने निवास स्थान से बाहर यात्रा करते हैं। | ये पर्यटक विदेशी पासपोर्ट पर किसी अन्य देश में यात्रा करते हैं। |
| **2. मुद्रा का प्रवाह** | इसमें केवल स्थानीय मुद्रा का ही लेनदेन और प्रवाह होता है। | इनके आगमन से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है, जो देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाती है। |
| **3. दस्तावेज़** | यात्रा के लिए पासपोर्ट या वीज़ा जैसे किसी कानूनी दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं होती है। | यात्रा के लिए पासपोर्ट और संबंधित देश से वीज़ा प्राप्त करना अनिवार्य होता है। |

**अथवा**

**सरकारी नीतियाँ पर्यटन को कैसे प्रभावित करती हैं? कोई तीन बिन्दुओं से स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - सरकारी नीतियाँ पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं :**

**1. सब्सिडी और पैकेज :** सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी और विशेष पर्यटन पैकेज घरेलू और विदेशी पर्यटकों को भारी मात्रा में आकर्षित करते हैं।

**2. वीज़ा नियमों में ढील :** उदार वीज़ा नीति और यात्रा नियमों में ढील विदेशी पर्यटकों के लिए देश में प्रवेश करना आसान बनाती है।

**3. अंतर्राष्ट्रीय प्रचार :** विभिन्न देशों से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार विदेशों में प्रदर्शनियाँ और अभियान जैसे 'अतुल्य भारत' आयोजित करती है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है।

**प्रश्न 45. बुद्ध की शिक्षा पर एक निबंध लिखिए।**

**उत्तर -** गौतम बुद्ध ने अपने उपदेशों में मुख्य रूप से यह सिखाया कि मनुष्य के सभी दुखों का मूल कारण उसकी असीमित 'इच्छा' है। दुखों से मुक्ति और निर्वाण (मोक्ष) पाने के लिए इच्छाओं पर नियंत्रण करना और उन पर विजय पाना अति आवश्यक है।

- **अष्टांग मार्ग :** उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 'अष्टांग मार्ग' का उपदेश दिया। इसमें उचित व्यवहार, उचित वाणी, उचित कर्म, उचित जीविका का साधन, उचित प्रयास, उचित सचेतन, उचित ध्यान, उचित संकल्प और उचित दृष्टिकोण शामिल हैं।

- **सरल भाषा और नैतिकता :** बुद्ध ने अपने उपदेश आम जनता की सरल भाषा पालि और प्राकृत में दिए और जीवन के गुणों व नैतिक मूल्यों पर सर्वाधिक बल दिया।

**अथवा**

**गुरु नानक के जीवन और शिक्षाओं पर एक निबंध लिखिए।**

**उत्तर -** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। 1496 में ज्ञानोदय प्राप्त करने के बाद, उन्होंने प्यार और भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए बड़े पैमाने पर यात्राएँ कीं।

- **प्रमुख शिक्षाएँ :** उन्होंने उपदेश दिया कि ईश्वर एक है और वह निराकार है। उन्होंने जातिप्रथा, अंधविश्वासों और मूर्तिपूजा का कड़ा खंडन किया।

- **समानता और मानवीय गुण :** उन्होंने विनम्रता, दान, क्षमा और सच्चाई के गुणों के संचार पर जोर दिया। समाज में समानता लाने के लिए उन्होंने 'संगत' यानि एक साथ बैठकर सुनना और 'पंगत' यानि एक साथ बैठकर लंगर/निःशुल्क भोजन करना की प्रथा शुरू की।

**प्रश्न 46. 'पर्यटन के उभरते आयाम' के किन्हीं छह बिंदुओं का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर - पर्यटन के उभरते नए आयाम :**

**1. स्वास्थ्य पर्यटन :** कम कीमत पर विश्व स्तरीय चिकित्सा, आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए विदेशी पर्यटकों का आगमन।

**2. आध्यात्मिक पर्यटन :** शांति और ईश्वर की खोज में विभिन्न धर्मों हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख आदि के संगम के रूप में भारत आना।

**3. साहसिक पर्यटन :** भौगोलिक विविधता के कारण ट्रैकिंग, राफ्टिंग जैसे अन्य साहसिक खेलों का विकास हो रहा है।

**4. MICE पर्यटन :** व्यापारिक बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के लिए आने वाले कॉर्पोरेट पर्यटक का आगमन।

**5. ग्रामीण पर्यटन :** इसमें पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच उनके सांस्कृतिक जीवन से सीधा जुड़ाव होता है।

**6. स्थायी पर्यटन :** पर्यावरण का ध्यान रखते हुए पर्यटन का ऐसा विकास जो भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं के लिए भी सुरक्षित हो।

**अथवा**

**विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले किन्हीं छह कारकों का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर - विश्व स्तर पर पर्यटन को प्रभावित करने वाले छह प्रमुख कारक :**

**1. अच्छी आय और आर्थिक स्थिति :** पर्यटकों की क्रय शक्ति और प्रति व्यक्ति आय जितनी अधिक होगी, पर्यटन उतना ही बढ़ेगा।

**2. सवैतनिक अवकाश :** कॉर्पोरेट या सरकारी नौकरियों में छुट्टियों के अधिकार लोगों को यात्रा के लिए समय और धन दोनों देते हैं।

**3. यात्रा खर्च :** यात्रा का कम या उचित खर्च पर्यटन को बढ़ावा देता है, जबकि अत्यधिक कीमत बाधक बनती है।

**4. प्रौद्योगिकी और इंटरनेट :** इंटरनेट पर गंतव्यों की आसानी से उपलब्ध जानकारी और ऑनलाइन बुकिंग ने पर्यटन को सुलभ बना दिया है।

**5. पैकेज प्रदाता :** यात्रा संचालकों द्वारा दिए जाने वाले सुविधाजनक टूर पैकेज यात्रियों की यात्रा को आसान बनाते हैं।

**6. मीडिया का प्रभाव :** प्रिंट और दृश्य-श्रव्य (TV) मीडिया के माध्यम से होने वाला प्रचार दुनिया भर के पर्यटकों को नए गंतव्यों की ओर आकर्षित करता है।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार)**

**प्रश्न 47. पहली भारतीय स्वामित्व वाली ट्रैवल कंपनी कौन सी थी?**

**(A) जीना टूर्स एंड ट्रेवल्स**

**(B) ली और मुरहेड इंडिया प्रा. लिमिटेड**

**(C) एन. जमनादास एंड कंपनी लिमिटेड**

**(D) टीएएआई**

**उत्तर -** (A) जीना टूर्स एंड ट्रेवल्स

**प्रश्न 48. ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना कब हुई थी?**

**(A) 1920** **(B) 1951**

**(C) 1961** **(D) 1967**

**उत्तर -** (B) 1951

**प्रश्न 49. जीआईटी (GIT) का अर्थ क्या है?**

**(A) ग्रेट इंडिया टूर्स** **(B) ग्रुप इंडिया टूर्स**

**(C) समूह समावेशी यात्राएँ** **(D) महान अंतर्राष्ट्रीय यात्राएँ**

**उत्तर -** (C) समूह समावेशी यात्राएँ

**प्रश्न 50. IATO का क्या अर्थ है?**

**(A) ट्रैवल ऑपरेटर्स का अंतर्राष्ट्रीय संघ**

**(B) इंडियन एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल ऑपरेटर्स**

**(C) टूर ऑपरेटरों का अंतर्राष्ट्रीय संघ**

**(D) इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स**

**उत्तर -** (D) इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II (आतिथ्य प्रबंधन)**

**प्रश्न 47. निम्नलिखित में से कौन सा एक होटल में हाउसकीपिंग विभाग का कार्य नहीं है?**

**(A) मेहमानों और कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराएँ**

**(B) कमरों की साफ़-सफ़ाई का ध्यान रखें**

**(C) लिनेन रूम का रखरखाव करना और कमरों तथा अन्य विभागों में लिनेन की आपूर्ति करना**

**(D) अतिथि कपड़े धोने की सुविधा बनाए रखें**

**उत्तर -** (A) मेहमानों और कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराएँ

**प्रश्न 48. निम्नलिखित में से कौन सा एक होटल का परिचालन विभाग नहीं है?**

**(A) फ्रंट कार्यालय** **(B) रखरखाव**

**(C) खाद्य एवं पेय सेवा** **(D) गृह व्यवस्था**

**उत्तर -** (B) रखरखाव

**प्रश्न 49. पर्यटन उद्योग के तीन 'ए' (A's):**

**(A) अपील, पहुँच, आवास** **(B) आकर्षण, उपलब्धता और आवास**

**(C) आकर्षण, पहुँच और आवास** **(D) अपील, उपलब्धता और आवास**

**उत्तर -** (B) आकर्षण, उपलब्धता और आवास

**प्रश्न 50. निम्नलिखित में से कौन सा एक होटल का प्रशासनिक विभाग नहीं है?**

**(A) हिसाब किताब** **(B) खरीद एवं भण्डार**

**(C) बिक्री एवं विपणन** **(D) फ्रंट कार्यालय**

**उत्तर -** (D) फ्रंट कार्यालय

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार)**

**प्रश्न 51. सत्य या असत्य अंकित कीजिए:**

**(i) जॉन मेसन कुक दुनिया के पहले संगठित ट्रैवल एजेंट थे।**

**उत्तर -** असत्य

**(ii) पहला संगठित भ्रमण 1841 में लीसेस्टर स्टेशन से लॉफ़बोरो के लिए ट्रेन द्वारा किया गया था।**

**उत्तर -** सत्य

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II (आतिथ्य प्रबंधन)**

**प्रश्न 51. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(i) उंधियु _______ का एक व्यंजन है।**

**उत्तर -** गुजराती

**(ii) बाजरे मोठ की खिचड़ी _______ का व्यंजन है।**

**उत्तर –** राजस्थानी

# खण्ड-ग

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार)**

**प्रश्न 52. ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी क्या है स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी (OTA) यात्रा और पर्यटन सेवाओं को प्रदान करने वाला एक आधुनिक डिजिटल माध्यम है। यह ऑफलाईन ट्रैवल एजेंसी के समान ही कार्य करती है, लेकिन इसका पूरा संचालन इंटरनेट और वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। यह अपनी सेवाओं को वैश्विक वितरण व्यवस्था से जोड़कर ग्राहकों तक पहुँचाती है।

**प्रमुख विशेषताएँ और सेवाएँ :**

**1. डिजिटल संचालन :** ये कंपनियाँ भौतिक रूप से उत्पादों की स्वामी नहीं होती हैं, बल्कि आपूर्तिकर्ताओं से सेवाएँ लेकर इंटरनेट पर उनका प्रस्ताव देती हैं।

**2. विविध सेवाएँ :** ये एजेंसियाँ हवाई टिकट आरक्षण, रेलवे टिकट, होटल बुकिंग, बस आरक्षण, और पर्यटन पैकेजों के विक्रय जैसी सुविधाएँ प्रदान करती हैं।

**3. ऑनलाइन भुगतान :** इनमें ई-वाणिज्य का उपयोग किया जाता है, जिससे ग्राहक क्रेडिट/डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से तुरंत भुगतान कर सकते हैं।

**4. बढ़ती लोकप्रियता :** साइबर जनसंख्या में वृद्धि के कारण आज ओटीए की माँग तेज़ी से बढ़ रही है, क्योंकि यह घर बैठे सूचना प्राप्त करने और बुकिंग करने का सबसे तेज़ माध्यम है।

**प्रश्न 53. टूर ऑपरेटरों के कार्यों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** टूर ऑपरेटर (पर्यटन संचालक) यात्रा उद्योग में वह संस्था है जो पर्यटन उत्पादों के निर्माता के रूप में कार्य करती है। इनके प्रमुख कार्य इस प्रकार है :

**1. पर्यटन पैकेज तैयार करना :** टूर ऑपरेटर विभिन्न सेवा प्रदाताओं जैसे होटल, परिवहन कंपनियाँ, गाइड से सेवाओं के अवयवों को थोक में खरीदते हैं और उन्हें मिलाकर एक आकर्षक 'टूर पैकेज' तैयार करते हैं।

**2. विपणन और विक्रय :** ये पर्यटन पैकेजों का विपणन करते हैं और अपनी कीमत निर्धारित करके या तो सीधे ग्राहकों को बेचते हैं या फिर खुदरा यात्रा-एजेंसियों के माध्यम से बिक्री करवाते हैं।

**3. उत्तरदायित्व और कार्यान्वयन :** पर्यटन संचालक यात्रा के दौरान निर्धारित सेवाओं को प्रदान करने और उनके सफल कार्यान्वयन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होते हैं। इसमें होटल बुकिंग, परिवहन, स्थानीय भ्रमण और अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना शामिल है।

**4. छवि निर्माण :** ये किसी देश के पर्यटन संसाधनों को 'बिकाऊ सामग्री' में बदलकर राष्ट्र की पर्यटन छवि बनाने वाले मुख्य दूत होते हैं। ये अपनी विशेषज्ञता और व्यक्तिगत अनुभवों से यात्रियों के लिए यादगार यात्रा सुनिश्चित करते हैं।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-II (आतिथ्य प्रबंधन)

**प्रश्न 52. किसी होटल में फ्रंट ऑफिस की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** फ्रंट ऑफिस किसी भी होटल का सबसे महत्वपूर्ण विभाग है, क्योंकि यह अतिथि और होटल स्टाफ के बीच संपर्क का पहला बिंदु होता है। किसी भी आगंतुक के लिए यह विभाग होटल की पहली झलक प्रदान करता है।

**फ्रंट ऑफिस के प्रमुख कार्य :**

**1. आरक्षण :** इसका प्राथमिक कार्य भविष्य के लिए कमरों का आरक्षण करना है, जो होटल की आय का मुख्य साधन है।

**2. पंजीकरण :** यह विभाग मेहमानों के आगमन पर उनका स्वागत करता है, पंजीकरण की औपचारिकताएँ पूरी करता है और उनके प्रस्थान के समय बिल का निपटारा करता है।

**3. सूचना एवं संचार :** होटल के भीतर और बाहर होने वाली टेलीफोन कॉल्स, संदेशों, मेल और पार्सल का समन्वय करना इसी विभाग की जिम्मेदारी है।

**4. अतिथि सेवाएँ :** यह विभाग मेहमानों को शहर और होटल की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ बैल डेस्क, कंसीर्ज (व्यक्तिगत सेवा), और ट्रैवल डेस्क के माध्यम से उनकी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी है।

**प्रश्न 53. किसी होटल में 'लानाय' (Lanai) और 'सुएट' (Suite) प्रकार के कमरों के बीच अंतर कीजिए।**

**उत्तर - किसी होटल में 'लानाय' (Lanai) और 'सुएट' (Suite) कमरों के बीच मुख्य अंतर :**

| अंतर का आधार | लानाय (Lanai) कक्ष | सुएट (Suite) कक्ष |
|---|---|---|
| **1. मुख्य विशेषता** | इसमें एक बालकनी होती है जिससे बगीचा या प्राकृतिक दृश्य दिखता है। | इसमें एक बैठक होती है जो एक या अधिक शयनकक्षों से जुड़ी होती है। |
| **2. सुविधाएँ** | इसमें सामान्य आरामदायक सुविधाएँ होती हैं, जो मुख्य रूप से दृश्यावलोकन पर केंद्रित होती हैं। | इसमें महँगा फर्नीचर, मानार्थ सेवाएँ जैसे फलों की टोकरी, चॉक्लेट और कई बार निजी रसोईघर जैसी विलासितापूर्ण सुविधाएँ होती हैं। |
| **3. किराया** | यह सामान्य कमरों के समान या उससे थोड़ा अधिक हो सकता है। | यह होटल के अन्य सभी कमरों से सबसे महँगा होता है। |
| **4. उपयोगकर्ता** | यह मुख्य रूप से रिसॉर्ट होटलों में उन पर्यटकों के लिए होता है जो दृश्यों का आनंद लेना चाहते हैं। | यह अति विशिष्ट व्यक्तियों (VIPs), जैसे उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों या नेताओं के लिए होता है। |

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success